आइआइएम के छात्र को मिला 58 लाख का पैकेज

जागरण संवाददाता, रांची : आइआइएम के सत्र 2017-19 के छात्र-छात्राओं को औसत पैकेज 14 लाख रुपये का रहा। इस वर्ष एमबीए के 181 और एमबीए एचआरएम के 63 विद्यार्थी थे। इस बैच के लिए सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय वेतन 58.1 लाख प्रति वर्ष रहा।

इस बार कैंपस में 100 से अधिक कंपनियों ने बिक्री और विपणन, वित्त, संचालन और सामान्य प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन प्रबंधन, रणनीति व परामर्श, विशलेषण के कार्यात्मक क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाई। इस वर्ष एक्सेंचर, वॉश, डीएस ग्रुप, गुगल, आइबीएम, एलएंडटी, टाटा स्टील, फ्लिपकार्ट, आनंद राठी, जेपी मार्गन चेस, आरपीजी, सैमसंग, सोनी, यस बैंक, रेमंड जैसी कंपनियों ने प्लेसमेंट किया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष आइआइटी के छात्र को एक करोड़ रुपये तक का पैकेज मिला था।

Dainik Jagran, 04.04.2019, Pg. 2